कोटद्वार, शनिवार
7 जून 2025
वर्षः 47
अंकः 45 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

ऋषिकेश। निर्जला एकादशी पर तीर्थनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद पूजा पाठ और दान और तप कर लोगों ने पुण्य कमाया। कई स्थानों पर मीठा पानी भी लोगों ने पिलाया। शुक्रवार को निर्जला एकादशी को लेकर ऋषिकेश के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ तड़के से ही उमड़ने लगी थी। दिनभर श्रद्धालु गंगा में स्नान करते दिखे। ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट, दत्रात्रेय घाट, नाव घाट, रामानंद घाट, साईं घाट, 72 सीढ़ी घाट, मुनिकीरेती के दयानंद घाट, शत्रुघ्न घाट, स्वर्गाश्रम जौंक के लक्ष्मणझूला घाट, रामघाट, सीता घाट आदि जगहों पर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर स्नान किया। स्नान के बाद विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना भी की। त्रिवेणी घाट और अन्य जगहों पर श्रद्धालुओं ने भिक्षुओं को दान कर पुण्य कमाया। तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि निर्जला यानि यह व्रत बिना जल ग्रहण किए और उपवास रखकर किया जाता है। यह साल की 24 एकादशी में सबसे बड़ी एकादशी होती है। इसको करने से साल की सभी एकादशी का फल प्राप्त होता है। इसमें दान पुण्य का भी विशेष महत्व है। गंगा घाटों पर तैनान रहे सुरक्षा कर्मी निर्जला एकादशी को लेकर ऋषिकेश के तमाम गंगा घाटों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसको देखते हुए तमाम गंगा घाटों पर पुलिस जवान और जल पुलिस के जवान भी तैनान दिखे। घाटों पर तैनान सुरक्षा कर्मियों ने संदिग्धों पर नजर रखी और चोरी, छिनाझपटी जैसी वारदातों को रोकने के लिए पुरी तरह मुस्तैद रहे।

### शेडकुड़िया महासू महाराज मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ी भीड़

उत्तरकाशी। विकासखंड के गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के फतेह पर्वत पट्टी के आराध्य देव शेडकुड़िया महासू महाराज के थान दोणी गांव में गत दिवस मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। शेडकुड़िया महासू महाराज का लगभग 250 वर्ष से अधिक पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण होने पर प्राण प्रतिष्ठा में एक दर्जन देव डोलियां भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर श्री पबासी महासू महाराज की पालकी, बोठा महासू, बाशिक महासू, चालदा महासू के डोरिया एवं अन्य देवी देवताओं की उपस्थिति में मंदिर की दिव्य प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में फत्ते पर्वत क्षेत्र के दोणी गांव, भितरी, खन्यासणी, मसरी, सेवा, बरी पुजेली सहित पंचगाई पट्टी के फिताडी, लिवाडी, कासला, रेकचा, हरपुरी, राला, जखोल, धारा, सुनकुंडी, पांव व बडासू क्षेत्र से ओसला, गंगाड़, पवाणी, ढाटमीर और अडोर पट्टी से सिंदरी, सांकरी, सौड़, कोट गांव के ग्रामीणों सहित बंगाण क्षेत्र, पुरोला, बड़कोट और हिमाचल प्रदेश के डोडरा क्वार तहसील के अलावा रोहडू से भक्तों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### जी–7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नईदिल्ली,जी–7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने को लेकर संदेह खत्म हो गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर सम्मेलन में शामिल होने का आधिकारिक न्योता दिया है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने भी बैठक में शामिल होने की पुष्टि की है। बता दें कि जी–7 शिखर सम्मेलन इस साल 15 से 17 जून तक कनाडा के अल्बर्टा के कनानास्किस में आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात कर खुशी हुई। चुनाव में उनकी जीत पर बधाई दी और इस महीने के अंत में होने वाले जी–7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। गहरे जन संबंधों से बंधे जीवंत लोकतंत्रों के रूप में भारत और कनाडा आपसी सम्मान और साझा हितों के मार्गदर्शन में नए जोश के साथ मिलकर काम करेंगे। शिखर सम्मेलन में हमारी मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है।' जी–7 यानी ग्रुप ऑफ सेवन। ये दुनिया के 7 सबसे विकसित और अमीर देशों का समूह है। जी–7 बनने की शुरुआत 1973 में हुई थी। शुरुआत में समूह में 6 देश थे। 1976 में इसमें कनाडा शामिल हुआ और समूह जी–7 बन गया। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं।

# उत्तराखंड को हार्टिकल्चर का हब बनाएंगे: शिवराज सिंह चौहान

●किसान चौपाल में किसानों से संवाद कर समस्याएं सुनी, दिए समाधान के सुझाव ●देहरादून जनपद के डोईवाला ब्लॉक के पाववाला सौड़ा गांव में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत लगी किसान चौपाल





देहरादून। उत्तराखंड की भूमि को खेती–किसानी की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को देहरादून के डोईवाला ब्लॉक अंतर्गत पाववाला सौड़ा गांव में आयोजित किसान चौपाल में भाग लिया। खेतों के मध्य खाट पर बैठकर उन्होंने किसानों से आत्मीय संवाद किया और जमीनी स्तर की समस्याओं को समझा। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण भी किया।

इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के कृषि मंत्री गणेश जोशी सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। चौपाल में किसानों ने बीज, सिंचाई, विपणन, फसल बीमा योजना और कृषि उत्पादों के उचित मूल्य से जुड़ी अपनी बातें रखीं। लीची, बासमती चावल, कटहल और सब्जी उत्पादकों ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं और समाधान हेतु सुझाव दिए।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार किसानों की आय को दोगुना करने और 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "मैं स्वयं किसान परिवार से हूं, किसान का दर्द जानता हूं। इसी कारण आज सीधे खेत में आकर खाट पर बैठा हूं, ताकि यह जान सकूं कि सरकार की योजनाओं का लाभ जमीन तक पहुंच रहा है या नहीं। किसानों से सीधा संवाद ही उनकी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करता है।"

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की बताई समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उत्तराखंड को हार्टिकल्चर (बागवानी) का राष्ट्रीय हब बनाएंगी। उत्तराखंड के फल, अनाज और सब्जियों की गुणवत्ता अद्वितीय है और उनमें वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने की पूरी क्षमता है।

मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा पवित्र देवभूमि में आकर मन, बुद्धि और आत्मा एक नई ऊर्जा से भर जाती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। भारत सरकार उत्तराखंड सरकार के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगी कि यहां के किसानों को न केवल आधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ मिले, बल्कि उनके उत्पादों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाज़ार भी उपलब्ध हो। चौहान ने यह भी कहा कि प्राकृतिक खेती, तकनीकी नवाचार और जल संरक्षण पर विशेष बल देकर खेती को भविष्य में और अधिक लाभकारी बनाया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री चौहान ने प्रशिक्षु आईएएस को संबोधित किया

देहरादून। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को एलबीएस अकादमी में प्रशिक्षु आईएएस अफसरों को संबोधित किया। उन्होंने नवीन कृषि तकनीक में किसानों के हितों और कृषि के नए तरीकों से लागत कम करने के तरीकों को लेकर चर्चा की। इससे पहले एलबीएस गेट पर भाजपा के मसूरी मंडल अध्यक्ष रतज अग्रवाल ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। चौहान जौलीग्रांट एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से मसूरी एलबीएस अकादमी पहुंचे। एलबीएस गेट के पास बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राएं और स्थानीय लोग उनके स्वागत के लिए जुटे थे। चौहान ने भी हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया।

## बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया की बढ़ी मुश्किलें, ईडी ने कई ठिकानों पर की छापेमारी

मुंबई ,बॉलीवुड एक्टर डिनो मोरिया इन दिनों अपनी फिल्मों से ज्यादा एक बड़े घोटाले को लेकर सुर्खियों में हैं। मुंबई की बहुचर्चित मीठी नदी सफाई घोटाले की जांच में उनका और उनके भाई सैंटिनो मोरिया का नाम सामने आया है। इस मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय ने करीब एक दर्जन लोकेशनों पर छापेमारी की है और सैंटिनो मोरिया को पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। ईडी सूत्रों के अनुसार, घोटाले के मुख्य आरोपी केतन कदम के कॉल रिकॉर्ड्स की जांच में डिनो मोरिया और उनके भाई सैंटिनो का नाम सामने आया है। आरोप है कि इनकी केतन से कई बार बातचीत हुई, जिससे एजेंसी को संदेह है कि दोनों की इस घोटाले में किसी न किसी रूप में भूमिका हो सकती है। इससे पहले मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा भी डिनो और सैंटिनो से पूछताछ कर चुकी है। उन्हें पिछले हफ्ते ही तलब किया गया था।

**क्या है मीठी नदी घोटाला?**

मीठी नदी की सफाई के लिए मुंबई महानगरपालिका ने हाल ही में एक बड़ा अभियान चलाया था। इस सफाई अभियान में स्लज पुशर और ड्रेजिंग मशीनें किराए पर ली गईं थीं, जिनके लिए कोच्चि की एक कंपनी मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को हायर किया गया था। आरोप है कि इन मशीनों को बाजार दर से काफी ऊंचे किराए पर लिया गया, और इस पूरी प्रक्रिया में भारी वित्तीय अनियमितता की गई। घोटाले के मुख्य आरोपी केतन कदम और जय जोशी पर आरोप है कि उन्होंने मैटप्रॉप कंपनी के अधिकारियों और बीएमसी के स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज विभाग के कुछ अफसरों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का हेरफेर किया।

# शौर्य महोत्सव में बोले सीएम धामी-शहीदों का सम्मान हमारा कर्तव्य

**– शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित मेले को राजकीय मेले के रूप में मनाया जाएगा**



चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को थराली के चेपड़ों गांव में अशोक चक्र विजेता शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य महोत्सव में प्रतिभाग किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और शहीदस्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य मेले को राजकीय मेले के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने शहीद भवानी दत्त जोशी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्रसे सम्मानित किया। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि हमें उनके सम्मान में आयोजित मेले में शामिल होने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना का मनोबल लगातार ऊंचा हुआ है। उन्होंने हाल ही में आतंकवादियों के खिलाफ चले ऑपरेशन 'सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि अब जो भी गोली आतंकियों की तरफ से चलेगी, उसका जवाब गोलों से दिया जाएगा। थराली विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल गिरने की घटना पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घोर लापरवाही है। इसके लिए तीन इंजीनियरों को तत्काल सस्पेंड किया गया है । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीद सतीश चंद्र के पिता महेशानंद, शहीद कृपा सिंह की पत्नी विमला देवी, शहीद हिम्मत सिंह के भाई अभय सिंह नेगी और सरोजनी कोटड़ी को सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि प्रदेश में सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर ही नहीं, नीतियों में भी बदलाव हो रहे हैं। फिर चाहे वह समान नागरिक संहिता हो, नकल विरोधी कानून हो या महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रयास। इस अवसर पर राज्य मंत्री बलवीर घुनियाल, हरक सिंह नेगी, मेला अध्यक्ष बीरू जोशी, ले. कर्नल हरीश जोशी, विधायक भूपाल राम टमटा, जिलाधिकारी संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, एसडीएम पंकज भट्ट सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी

नईदिल्ली,राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिलने का बड़ा मामला सामने आया है। आरोपी ने गुरुवार देर रात गाजियाबाद के पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) फोन कर यह धमकी दी है। इसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने तत्काल दिल्ली पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी। हालांकि, धमकी दिए जाने के बाद से आरोपी को फोन बंद आ रहा है। ऐसे में पुलिस अब आरोपी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी में जुटी है। गाजियाबाद पुलिस ने बताया कि देर रात 11 बजे आरोपी ने पीसीआर पर फोन किया था। उसने दिल्ली की मुख्यमंत्री गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उत्तर पश्चिम दिल्ली जिला पुलिस को इसी सूचना दे दी गई। दिल्ली पुलिस ने आरोपी को दोबारा फोन करने की कोशिश की, लेकिन जिस नंबर से कॉल किया गया, वह फिलहाल बंद है। गाजियाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दिल्ली पुलिस की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी। दिल्ली पुलिस ने इस धमकी के बाद मुख्यमंत्री गुप्ता की सुरक्षा बढ़ा दी है।


# मां की हत्या के दोषी बेटे को आजीवन कारावास की सजा



चमोली : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कर्णप्रयाग की अदालत ने शुक्रवार को मां की हत्या के दोषी बेटे को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा न करने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। कर्णप्रयाग के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुधीर राणा ने बताया कि 27 जनवरी 2022 को वादी/दोषी के छोटे भाई की पत्नी उर्मिला देवी ने सुबह चार बजे अपनी सास चंपा देवी के कमरे से शोर शराबे की आवाज सुनी। जैसे ही वह बाहर आई तभी अभियुक्त कलमराम अपनी छोटी बेटी को उसके कमरे के बाहर रोता हुआ छोड़कर घर से फरार हो गया। तब उर्मिला देवी पड़ोसियों को साथ लेकर अपनी सास के कमरे में गई तो वहां देखा कि मृतका चंपा देवी का शव खून से लथपत पड़ा हुआ था और उसके ऊपर कंबल रखी है। फिर नलधूरा के पटवारी को घटना की सूचना व तहरीर दी गई। जिस पर पटवारी घटना स्थल पर पहुंचे और चंपा देवी के शव का पोस्टमार्टम कर हत्या के आरोप में मृतका के बेटे कलमराम, ग्राम खेतामानमती (कोलियागैर) तहसील देवाल को गिरफ्तार किया। उसके बाद पुलिस ने 28 अप्रैल 2022 को कोर्ट में कलमराम के खिलाफ हत्या की धारा में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत में करीब चार साल के विचारण के दौरान मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाहों के लिखित बयान दर्ज करवाए गए।

# कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या 5,364 पहुंची

### 24 घंटे में मिले 498 नए मामले



नईदिल्ली,कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि जारी है। पिछले 24 घंटे में 498 नए मरीज सामने आए हैं, जिससे भारत में सक्रिय मरीजों की संख्या 5,364 पहुंच गई है। हालांकि, 24 घंटे के मामलों में कमी आई है। एक दिन पहले गुरुवार को 564 मरीज मिले थे। अभी तक 4,724 मरीज ठीक हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में 764 मरीज ठीक हुए हैं। कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 55 पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक मरीज केरल में 192 और गुजरात में 107 मिले हैं। इससे यहां कुल मरीजों की संख्या क्रमशः 1,675 और 615 हो गई है। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 56 मरीज, दिल्ली में 30, महाराष्ट्र में 22 और कर्नाटक में 15 मरीज मिले हैं। अभी बंगाल में कुल मरीज 596, उत्तर प्रदेश में 205, तमिलनाडु में 221, महाराष्ट्र में 548, कर्नाटक में 451, दिल्ली में 593 और राजस्थान में 107 हैं। मंत्रालय ने पिछले 24 घंटे में देश में 4 मौत दर्ज की हैं। सभी मरीज कोरोना वायरस से संक्रमित थे, लेकिन उनको अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। कर्नाटक में एक 65 वर्षीय व्यक्ति अनियंत्रित शुगर, हाइपरटेंशन से पीड़ित थे।

## 12वीं की छात्रा की गला दबाकर हत्या

मेरठ , जिले के परतापुर इलाके में एक किशोरी की सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई. एक दिन पहले गुरुवार की सुबह सिर कटी लाश रजबहे में ग्रामीणों ने देखी तो पुलिस को सूचना दी. सलवार की जेब में मिली एक पर्ची ने मृतका की पहचान करा दी. पता चला कि लाश आस्था उर्फ तनिष्का (17) की है, जो 12वीं की छात्रा थी. पुलिस जल्द ही किशोरी के घरवालों तक पहुंच गई. उनसे पूछताछ में जो जानकारी सामने आई, उसने हैरान कर दिया. पुलिस के मुताबिक, प्रेम प्रसंग के कारण घरवालों ने ही किशोरी की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर सिर काटकर दूसरी जगह फेंक दिया. शव कार से लाकर यहां ठिकाने लगाया गया है. फिलहाल पुलिस ने किशोरी की छात्रा की मां, दो मामा और ममेरे भाई को हिरासत में लिया है. उनसे पूछताछ की जा रही है. बहादुरपुर से पूठ की ओर जाने वाले रजबहे में ग्रामीणों ने एक शव देखा, जिसका सिर गायब था. सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची. पुलिस ने रजबहे और आसपास करीब एक किमी. तक छानबीन की लेकिन सिर नहीं मिला. इसके बाद शव मोर्चरी भेज दिया. यहां उसकी सलवार की जेब से पर्ची मिली. जिस पर एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था. पुलिस ने उस मोबाइल नंबर पर कॉल तो था तो वह नंगली गांव के युवक का निकला.

# पीएम मोदी ने चिनाब ब्रिज और अंजी पुल का किया उद्घाटन



रामबन,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शुक्रवार को जम्मू–कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का उद्घाटन किया. इसके साथ–साथ उन्होंने देश के पहले केबल–स्टेड रेल पुल अंजी पुल का भी उद्घाटन किया. इसके साथ–साथ पीएम मोदी ने कटरा रेलवे स्टेशन से कटरा और श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई. इस मौके पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे. बता दें, पीएम मोदी का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम पहली बार जम्मू–कश्मीर पहुंचे हैं. इस वजह से यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. इससे पहले उन्होंने चिनाब पुल का निरीक्षण किया और सीएम उमर अब्दुल्ला और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा की. इसके साथ–साथ उन्होंने कामगारों से भी मुलाकात की. बता दें, आज जम्मू–कश्मीर में विकास और कनेक्टिविटी का नया दौर शुरू होने जा रहा है. पीएम मोदी आज चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज और देश के पहले केबल–स्टे अंजी ब्रिज का उद्घाटन करेंगे. पीएम यहां कुल 46 हजार करोड़ की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. इस ब्रिज के साथ ही कटरा से श्रीनगर तक वंदे भारत ट्रेन को भी पीएम मोदी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे.

अभी तक जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक पीएम मोदी तकरीबन 11 बजे तक दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज का उद्घाटन करेंगे. यह ब्रिज पेरिस के एफिल टॉवर से भी ऊंचा है. इस ब्रिज को बनाने में करीब 1500 करोड़ की लागत आई है. एक घंटे बाद दोपहर 12 बजे पीएम मोदी कटरा से श्रीनगर के लिए दो वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. वहीं, रेलवे ने बताया कि उधपुर–श्रीनगर–बारामुला रेलवे लिंक परियोजना की कुल लंबाई करीब 272 किमी. है और इसको बनाने में 43 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च हुए हैं. इस परियोजना में 36 सुरंगे और 943 पुल भी शामिल हैं.

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि चिनाब नदी पर बना 1 किमी. से ज्यादा लंबा रेलवे ब्रिज करीब 359 मी. की ऊंचाई पर है, जो एफिल टॉवर से भी 35 मी. ऊंचा है. उन्होंने बताया कि यह ब्रिज 260 किमी. प्रति घंटे की हवा और भूकंपीय जोन–5 झेल सकता है. इसको बनाने में लगभग 27000 मीट्रिक टन स्टील प्रयोग हुई है.

वहीं, इसकी लंबाई 1315 मीटर है. इस परियोजना की शुरुआत अगस्त 2004 में हुई थी. कटरा से श्रीनगर तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन में हाइटेक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. अब बात किराए की बात करते हैं. चेयर कार का किराया करीब 715 रुपये रखा गया है. वहीं, एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया तकरीबन 1320 रुपये है.

# सिद्धारमैया के घर को आत्मघाती हमले से उड़ाने की धमकी, पासपोर्ट कार्यालय में मिला ईमेल



बेंगलुरु ,कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के घर को आत्मघाती हमले में उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी शुक्रवार को पासपोर्ट कार्यालय के ईमेल पर आई थी। पुलिस ने बताया कि बेंगलुरु के कोरमंगला स्थित पासपोर्ट कार्यालय में धमकी वाला ईमेल मिला था, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

ईमेल में लिखा था कि आत्मघाती हमला मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के आवास और पासपोर्ट कार्यालय दोनों को निशाना बनाएंगे। धमकी के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और सघन जांच हुई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौके पर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड के जरिए जांच की गई थी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

उन्होंने ईमेल भेजने वाली तलाश करना शुरू कर दी है। साइबर पुलिस के विशेषज्ञ भी इसकी पड़ताल कर रहे हैं।


बता दें कि इससे पहले बेंगलुरु हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है, जो अफवाह साबित हुई थी। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पिछले साल 1 मार्च को बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे में शाम के समय तेज धमाका हुआ था, जिसमें नौ लोग घायल हो गए थे। घटना की जांच में अल–हिंद–मॉड्यूल के 2 आतंकी अब्दुल मतीन ताहा (30) और मुसाविर हुसैन शाजिब (30) को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, गृह मंत्री जी परमेश्वरम और पुलिस महानिदेशक को राज्य में धमाके की धमकी मिलती रही।इस घटना के बाद से कर्नाटक में पुलिस सतर्क है।

## इस बार 38 दिन की होगी अमरनाथ यात्रा, शेड्यूल तय

नई दिल्ली , इस साल श्री अमरनाथ यात्रा के लिए विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 581 कंपनियां तैनात की जाएंगी। 3 जुलाई से 9 अगस्त तक होने वाली यह यात्रा पहली बार 38 दिनों की कम अवधि में आयोजित की जाएगी। 9 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। पिछली बार यह यात्रा कुल 52 दिनों तक चली थी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर एक ठोस प्लान तैयार किया है। इस बार 581 कंपनियों की केंद्रीय सुरक्षा बालों की तैनाती भी की गई है, जिनमें सीएपीएफ, जम्मू कश्मीर पुलिस और सेना शामिल है। साथ ही पूरे यात्रा मार्ग का सुरक्षा ऑडिट और डिजिटल मैपिंग भी की गई है। सीएपीएफ में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, सशस्त्र सीमा बल, इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस, सेंट्रल इंडस्ट्री सिक्योरिटी फोर्स शामिल रहती है। पहलगाम और बालटाल दोनों रास्तों पर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे, जिसमें कई लेयर की व्यवस्थाएं की गई हैं। मसलन, रोड ओपनिंग पार्टीज (आरओपी) जो मूवमेंट से पहले प्रमुख हिस्सों को सुरक्षित और साफ रखेंगी।

# नीट पीजी 2025 परीक्षा की नई तारीख घोषित, एक ही शिफ्ट में होगी परीक्षा

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) को 3 अगस्त को एक ही शिफ्ट में नेशनल एलिजिबिलिटी–कम–एंट्रेंस टेस्ट–पोस्ट ग्रेजुएट (नीट– पीजी) 2025 परीक्षा आयोजित करने की अनुमति दे दी. इस परीक्षा में 2.4 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल होने वाले हैं. 3 अगस्त, 2025 को परीक्षा पुनर्निर्धारित करने की मांग करते हुए एनबीईएमएस द्वारा दायर आवेदन न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए आया. बेंच ने शुरू में एनबीई द्वारा परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक का समय देने के अनुरोध पर सवाल उठाया.

बेंच ने कहा कि तीन अगस्त को नीट–पीजी 2025 आयोजित करने के लिए बताए गए कारण उचित प्रतीत होते हैं. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नीट–पीजी 2025 परीक्षा आयोजित करने के लिए एनबीई को और समय नहीं दिया जाएगा. एनबीई ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट के 30 मई के आदेश के अनुसार परीक्षा एक पाली में आयोजित की जानी है और इसलिए एक बार में परीक्षा आयोजित करने के लिए लगभग 1,000 परीक्षा केंद्रों की आवश्यकता है.

एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह 15 जून को होने वाली परीक्षा तीन अगस्त को सुबह 9 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच आयोजित करेगा, जो कि उनके प्रौद्योगिकी साझेदार टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा दी गई सबसे प्रारंभिक संभावित तिथि थी.

## सम्पादकीय

## भारी बारिश भूस्खलन से जुझते पूर्वोत्तर

सिक्किम के छातेन के सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने से तीन सैनिकों की मौत हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हैं। मंगन जिले के लाचेन नगर में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते यह भूस्खलन हुआ। आधिकारिक बयानों के अनुसार तीनों के शव बरामद लिये गए हैं, जबकि मामूली रूप से चुटहिलों का इलाज जारी है। उधर मणिपुर में नदियों के उफान पर होने व तटबंधों के टूटने से उन्नीस हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए व बाइस लोगों के लापता होने की खबरें हैं। सात हजार प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। बरसात ने बीते 132 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिसके कारण बाढ़, जल—भराव, घर ढहने/ बहने और भुस्खलन के कारण हालात बहुत बिगड़ चुके हैं। ब्रह्मपुत्र व बराक समेत दस से ज्यादा नदियां उफान पर हैं। सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश समेत पूर्वोत्तर बाढ में प्रतिवर्ष की तरह डूब रहा है। सिक्किम के लाचेन व लाचुंग में फंसे हजार से ज्यादा पर्यटकों को सेना व प्रशासन ने हेलीकॉप्टर व बाहनों की मदद से सुरक्षित गंगटोक पहुंचाया। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है, अगले कुछ दिनों तक वहां भारी बारसात हो सकती है। स्कूल—कॉलेज बंद हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत दी जा रही है। पूर्वोत्तर के अधिकतर राज्य पर्यावरण व जलवायु के नजरिए से संवेदनशील स्थानों में आते हैं। जहां के रहवासियों को भारी बरसात के चलते घरों के ढहने, सड़के बह जाने व भुस्खलन से जूझना पड़ता है, जिससे जान—माल का भारी नुकसान होता है। देश का 73त्न क्षेत्र बाढ़ग्रस्त इलाके में आने के बावजूद सरकारी लापरवाही का नतीजा है कि हम आजतक सुरक्षित नहीं हैं। निचले पायदान पर खड़ी जनता की बुनियादी जरूरियात को पूरा करने में कमर टूट जाती है। बुनियादी ढांचा और सुरक्षित जीवन की गारंटी देने में सरकारें बुरी तरह असफल साबित हैं। प्राकृतिक आपदाओं के विपरीत प्रतिवर्ष बाढ़ से जूझने के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। बाढ़ से जूझने के नाम पर राज्यों को दी जाने वाली राहत राशि को बेसिक स्ट्रक्चर पर लगाने जैसे कदम उठाकर दीर्घकालिक सुविधाओं की व्यवस्था की जानी चाहिए। बाढ़, बारिश, लू—धूप या टंड से जनता के मरने का मतलब है, उनके जीवन के प्रति देश तनिक जवाबदेह नहीं है।

# मोदी के 11 वर्षः दूरदर्शिता से प्रेरित, ऊर्जा से संचालित

**भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि एक रणनीतिक शक्ति भी बन चुका है। इस वृद्धि का अभिन्न अंग ऊर्जा क्षेत्र, मोदी 3.0 के पहले वर्ष के दौरान एक संरचनात्मक परिवर्तन से गुजरा है, जो पिछले दस वर्षों के आधारभूत परिवर्तन पर आधारित है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछली तिमाही में भारत की 6.7 प्रतिशत की विकास दर ने इसे एक ऐसे तेजी से बढ़ते ग्राफ पर ला दिया है, जिसे आने वाले वर्षों में कोई भी अन्य देश हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकता। भारत अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा और तेल उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक है। वर्ष 2047 तक ऊर्जा की मांग में ढाई गुना वृद्धि होने की आशा है और भारत से की जाने वाली वैश्विक मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए रोडमैप स्पष्ट हैः ऊर्जा सुरक्षा ही विकास सुरक्षा है। मोदी सरकार की ऊर्जा रणनीति चार—आयामी दृष्टिकोण के माध्यम से उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता के रूप में ऊर्जा की त्रिपक्षीय विविधता को दर्शाती है जिसमें स्त्रोतों और आपूर्तिकर्ताओं का विविधीकरण, घरेलू उत्पादन का विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन और सामर्थ्य शामिल है।**

**हरदीप एस. पुरी**

भारत कुछ दिन पहले ही जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वर्ष 2014 से, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत की जीडीपी 2025 में दोगुनी से अधिक बढ़कर 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो चुकी है। यह सुधारों, उदारपूर्ण नीति और आत्मनिर्भरता की निरंतर खोज पर केंद्रित एक दशक लंबी रणनीति का परिणाम है।

भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि एक रणनीतिक शक्ति भी बन चुका है। इस वृद्धि का अभिन्न अंग ऊर्जा क्षेत्र, मोदी 3.0 के पहले वर्ष के दौरान एक संरचनात्मक परिवर्तन से गुजरा है, जो पिछले दस वर्षों के आधारभूत परिवर्तन पर आधारित है।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछली तिमाही में भारत की 6.7 प्रतिशत की विकास दर ने इसे एक ऐसे तेजी से बढ़ते ग्राफ पर ला दिया है, जिसे आने वाले वर्षों में कोई भी अन्य देश हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकता।

भारत अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा और तेल उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक है। वर्ष 2047 तक ऊर्जा की मांग में ढाई गुना वृद्धि होने की आशा है और भारत से की जाने वाली वैश्विक मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए रोडमैप स्पष्ट हैः ऊर्जा सुरक्षा ही विकास सुरक्षा है। मोदी सरकार की ऊर्जा रणनीति चार—आयामी दृष्टिकोण के माध्यम से उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता के रूप में ऊर्जा की त्रिपक्षीय विविधता को दर्शाती है जिसमें स्त्रोतों और आपूर्तिकर्ताओं का विविधीकरण, घरेलू उत्पादन का विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन और सामर्थ्य शामिल है।तेल और गैस उत्पादन क्षेत्र की प्रारंभिक प्रक्रिया में, भारत का अन्वेषण क्षेत्र वर्ष 2021 में 8 प्रतिशत से दोगुना होकर वर्ष 2025 में 16 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2030 तक 1 मिलियन वर्ग किमी को कवर करने के लक्ष्य के साथ, सरकार का लक्ष्य 42 बिलियन टन तेल और तेल—समतुल्य गैस का अन्वेषण करना है। यह विस्तार ऐतिहासिक सुधारों जैसे कि 'नो—गो' क्षेत्रों में 99 प्रतिशत की कमी, ओएएलपी राउंड के माध्यम से सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग और नए गैस कुओं के लिए आकर्षक मूल्य निर्धारण प्रोत्साहन द्वारा सक्षम किया गया है। संशोधित गैस मूल्य निर्धारण व्यवस्था के अनुरूप भारतीय क्रूड बास्केट से 10 प्रतिशत से कीमतों को जोड़ने और नए कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश करने जैसी पहलों ने शहर के गैस नेटवर्क और औद्योगिक उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता को बढ़ाया है। लागत कम करने और मुद्रीकरण में तेजी लाने के लिए, नए राजस्व—साझाकरण अनुबंध ईएंडपी उद्यमियों के बीच साझा बुनियादी अवसंरचना की अनुमति देते हैं। तकनीकी और भू—भौतिकीय प्रयासों ने नीति सुधारों को पूरक बनाया है। राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम, मिशन अन्वेषण, एजीजी सर्वेक्षण और महाद्वीपीय शेल्फ मैपिंग ने विशेष रूप से अंडमान, महानदी और कावेरी जैसे सीमांत बेसिनों में डेटा और अन्वेषण आत्मविश्वास को बढ़ाया है। ओएनजीसी और ऑयल इंडिया ने पिछले चार वर्षों में मुंबई अपतटीय, कैम्बे, महानदी और असम बेसिन में 25 से अधिक हाइड्रोकार्बन की खोज की हैं। इनमें से उल्लेखनीय हैं पश्चिमी तट के अपतटीय क्षेत्र में सूर्यमणि और वज्रमणि कुएं और पूर्वी तट के गहरे पानी में उत्कल और कोणार्क क्षेत्र। इन खोजों से भारत के भंडार में 75 एमएमटीओई और 2,700 एमएमएससीएम गैस की वृद्धि हुई है।वैश्विक बड़ी कंपनियों के साथ सहयोग लाभकारी सिद्ध हो रहा है। बीपी के साथ ओएनजीसी की साझेदारी से मुंबई हाई से तेल के लिए 44 प्रतिशत और गैस के लिए 89 प्रतिशत उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में एक डेटा सेंटर अब अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत के अन्वेषण डेटासेट तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है।

डाउनस्ट्रीम बुनियादी ढांचे में समानांतर विस्तार हुआ है। भारत अब 24,000 किलोमीटर उत्पाद पाइपलाइनों, लगभग 96,000 खुदरा दुकानों का संचालन करता है और इसने अपने रणनीतिक भंडार और एलपीजी भंडारण को काफी मजबूत किया है। 67 मिलियन से अधिक लोग प्रतिदिन पेट्रोल पंपों पर जाते हैं और यह भारत के ईंधन आपूर्ति इको—सिस्टम की व्यापकता और दक्षता का प्रमाण है।भारत का शहरी गैस नेटवर्क वर्ष 2014 में 55 भौगोलिक क्षेत्रों से बढ़कर वर्ष 2025 में 307 हो गया है, जिसमें पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ हो गए हैं और 7,500 से अधिक सीएनजी स्टेशन चालू हैं। एकीकृत पाइपलाइन शुल्क और शहरी गैस विस्तार ने दूरदराज के राज्यों में भी सस्ती पहुंच सुनिश्चित की है। जैव ईंधन भारत की हरित रणनीति का आधार बन चुका है। पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण 2013 के 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 19.7 प्रतिशत हो गया है। मिश्रण की मात्रा 38 करोड़ लीटर से बढ़कर 484 करोड़ लीटर हो गई है। इससे 1.26 लाख करोड़ विदेशी मुद्रा की बचत हुई, 643 लाख मीट्रिक टन उत्सर्जन कम हुआ और डिस्टिलर्स को 1.79 लाख करोड़ रुपए और किसानों को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हुआ।

फीडस्टॉक विविधीकरण— गुड़ से लेकर मक्का की मदद से मजबूत इथेनॉल इको—सिस्टम तैयार किया गया है। समानांतर रूप से, एसएटीएटी पहल ने 100 से अधिक संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को चालू किया है और वर्ष 2028 तक 5 प्रतिशत सीबीजी मिश्रण अधिदेश का लक्ष्य रखा है। बायोमास खरीद और सीबीजी—पाइपलाइन कनेक्टिविटी के लिए केंद्रीय समर्थन सर्कुलर ऊर्जा अपनाने में तेजी ला रहा है। 8.62 लाख टन उत्पादन और 3,000 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर टेंडर के साथ ग्रीन हाइड्रोजन को व्यापक पर बढ़ावा दिया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियां आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं और आईओसीएल ने हाल ही में लार्सन एंड टुब्रो को अपनी पानीपत रिफाइनरी के लिए एक ऐतिहासिक 10 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन टेंडर दिया है। बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेल भी बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन परियोजनाओं के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जबकि असम में एनआरएल की ग्रीन हाइड्रोजन इकाई पूर्वोत्तर में प्रथम बनने की ओर अग्रसर है। भारत का प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क अब 25,000 किमी से अधिक विस्तारित हो चुका है और वर्ष 2030 तक इसके 33,000 किमी तक पहुंचने का लक्ष्य है। रणनीतिक मूल्य निर्धारण सुधार और परिवहन एवं घरेलू क्षेत्रों के लिए 'नो कट' श्रेणी में गैस को शामिल करने से आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित हो रही है। गैस उत्पादन वर्ष वर्ष 2020—21 में 28.7 बीसीएम से लगातार बढ़कर वर्ष 2023—24 में 36.4 बीसीएम हो गया है और इसमें और वृद्धि का अनुमान है। किसी अन्य देश ने अपने 'सिस्टम' में भारत जितना बड़ा बदलाव नहीं किया है, जैसा कि तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन अधिनियम 2024 से पता चलता है, जिसने हाइब्रिड पट्टों को सक्षम किया है और इससे हाइड्रोकार्बन के साथ—साथ नवीकरणीय ऊर्जा की अनुमति मिलती है। डीएसएफ क्षेत्र अब न्यूनतम अनुपालन बोझ के साथ सरलीकृत अनुबंधों के अंतर्गत कार्य करते हैं।

पीएम गति शक्ति के माध्यम से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 1 लाख से अधिक संपत्तियों और पाइपलाइनों का डिजिटल रूप से मानचित्रण किया है। राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ एकीकरण से मंत्रालयों में वास्तविक समय की परियोजना दृश्यता और तालमेल सुनिश्चित होता है। भारत—नेपाल पाइपलाइन और समृद्धि उपयोगिता गलियारे जैसी प्रमुख परियोजनाओं को मार्ग अनुकूलन और 169 करोड़ रुपए से अधिक की लागत बचत का लाभ मिला है। वहनीयता इसके केंद्र में बनी हुई है। वैश्विक एलपीजी की कीमतों में 58 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, पीएमयूवाई लाभार्थी प्रति सिलेंडर 553 रुपये का भुगतान करते हैं, जिसे लक्षित सब्सिडी और तेल कंपनियों को क्षतिपूर्ति से समर्थन मिलता है। भारत में ईंधन की कीमतों को उत्पाद शुल्क में कटौती के माध्यम से स्थिर रखा गया है, जिससे नागरिकों को पड़ोसी देशों में देखी जाने वाली अस्थिरता से बचाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व में ग्यारह वर्ष के पश्चात, भारत का ऊर्जा क्षेत्र अब चिंतामुक्त क्षेत्र की श्रेणी में आ चुका है। यह अब आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और रणनीतिक दूरदर्शिता से पहचाना जाता है। ऊर्जा केवल एक वस्तु नहीं है, यह संप्रभुता, सुरक्षा और सतत विकास की उत्प्रेरक है।

# कोरोना के बढ़ते आंकड़ों से पूरी दुनिया चिंतित

**अजय प्रताप तिवारी**

कोरोना एक बार फिर से पैर फैल रहा है। कोरोना वायरस के मामले इन दिनों भारत, हांगकांग और सिंगापुर में तेजी से बढ़ रहे हैं। तेजी से बढ़ते कोरोना के आंकड़ों ने एक बार फिर से पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। भारत में दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं।

भारत के करीब बीस राज्यों में कोरोना के मरीज पाए गए हैं। देश में कोरोना से संक्रमित मरीजों की कुल संख्या एक हजार पार कर चुकी है। केरल में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 6 लोगों की मौत हो चुकी है। चीन के वुहान शहर में दिसम्बर, 2019 जन्मा कोरोना दुनिया में तबाही मचा रहा है। यह वायरस सामाजिक—मानसिक रूप से भी खौफ पैदा कर रहा है। लगता है कि वायरस मानव का सहजीवी चुका है।

वायरस के चलते मानव समाज पर कई प्रकार के दबाव बढ़ जाते हैं। वायरस का प्रभाव आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीति पर भी पड़ता है। जब कोई संक्रमण वैश्विक स्तर पर फैलता है, तो उसका असर अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिलता है। वायरस से संक्रमित व्यक्तियों को सामाजिक—मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है क्योंकि यह ऐसी बीमारी है जिससे लोग दूरियां बना लेते हैं। यह संक्रमण आपसी मेल मिलाप से बहुत तेजी से फैलता है।

इसका असर रोजगार, कामगारों और बाजारों पर पड़ता है। कार्यबल में गिरावट आती है, जिसका प्रभाव उत्पादन क्षमता पर पड़ता है। काम का दवाब बढ़ता है। बढ़ते जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रकार के कीट—पतंगों और पशु—पक्षियों से संक्रमण पनप रहे हैं, जो मनुष्यों के लिए घातक सिद्ध हो रहे हैं। कोरोना वायरस को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंताएं बनी हुई हैं। आखिर, क्या कारण है कि वायरस खत्म होने की बजाय बढ़ रहे हैं। बढ़ते वायरस की घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में मानव विनाशक वायरस ही होगा।

समाचारों के अनुसार वैज्ञानिक जैविक हथियारों के रूप में विभिन्न वायरसों को लैब में तैयार कर रहे हैं। कोविड—19, इबोला वायरस, जीका, पोलियो जैसे वायरस ने दुनिया को हिला कर रख दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूर्व में पनपे वायरस को वैश्विक स्वास्थ्य आपदा के रूप में घोषित किया जा चुका है, जिनमें कोविड—19, इबोला वायरस, जीका वायरस तथा पोलियो शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के नये वैरिएंट को लेकर कहा है कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। फिर भी कोरोना के पुराने मंजर को कोई भूल नहीं पाया है।भारत में कोरोना को लेकर दिशा—निर्देश जारी किए गए हैं। संक्रमण के प्रारंभिक उपचार के लिए परीक्षण प्रयोगशालाओं में उचित व्यवस्था की गई है। वर्तमान संक्रमण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने प्रयोगशाला परीक्षण पर विशेष ध्यान दिया है। दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए इलाज के लिए अस्पतालों में सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। कोरोना जैसे घातक संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार को व्यापक और समन्वित प्रयास करने की जरूरत है। स्वास्थ्य सेवाओं का शहरी क्षेत्रों के साथ—साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विस्तार और उन्हें सुदृढ़ करना चाहिए। सीमा और यातायात नियंत्रण, निगरानी और अनुसंधान, सामुदायिक भागीदारी, संचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे कदम उठा कर ही कोरोना वायरस को नियंत्रित किया जा सकता है। यह न केवल जनता की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि भविष्य में आने वाली संक्रमक बीमारियों के लिए भी एक सबक हो सकता है।

यह भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि मानव में संक्रमक बीमारियों के साथ पशु—पक्षियों में पनप रहे संक्रमणों को भी गंभीरता से लेना होगा। पशु—पक्षियों में पनप रहे संक्रमण को रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर सभी देशों को एक होकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है क्योंकि पशु—पक्षियों से निर्मित वायरस भी मानव के लिए घातक है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को मिल कर सेवा मित्र जैसी पहल करने की जरूरत है। सरकार को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में घर—घर जाकर संक्रमण के बारे में लोगों को जागरूक करना होगा। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को विभिन्न प्रकार के संक्रमण के प्रसार के पैटर्न और संक्रमण के कारणों की जांच करने के लिए विशेष निगरानी तंत्र स्थापित करना चाहिए। देश—दुनिया में विभिन्न प्रकार के पनप रहे वायरसों के बारे में जागरूकता अभियान शुरू करना होगा। भारत समेत पूरी दुनिया को सर्तक और सजग रहना होगा। जिस तरह से घातक संक्रमण पनप रहे हैं, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि इसमें कोई संदेह नहीं है निकट भविष्य वायरस से फैलने वाले संक्रमण ही मानव के सबसे बड़े दुश्मन साबित होंगे।

# आंखों की गुस्ताखियां का पहला पोस्टर रिलीज



अभिनेता विक्रांत मैसी और शनाया कपूर स्टारर अपकमिंग रोमांटिक फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियांझ् सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें विक्रांत और शनाया की केमिस्ट्री शानदार नजर आई। 'आंखों की गुस्ताखियां म्यूजिकल प्रेम कहानी है, जो भावनाओं और प्यार के जादू को दिखाती है। शनाया कपूर इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। दोनों की जोड़ी को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। पोस्टर में उनकी केमिस्ट्री को प्रशंसकों ने शानदार और प्यारा बताया। जी स्टूडियोज ने पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, दो दिल, एक प्यार और अनगिनत गुस्ताखियां। आंखों की गुस्ताखियां का टीजर गुरुवार को रिलीज होगा और 11 जुलाई को अपने नज़दीकी सिनेमाघरों में प्यार का एहसास करने के लिए जरूर जाएं। हाल ही में प्रोड्यूसर मानसी बागला ने 'आंखों की गुस्ताखियांझ् में शनाया कपूर को लॉन्च करने के अपने फैसले के बारे में खुलकर बात की थी। बागला ने खुलासा किया कि वह एक ऐसी नायिका चाहती थीं, जिसमें अल्हड़पन और अनिश्चितता हो, ऐसे गुण जो केवल एक नया चेहरा ही ला सकता था। स्क्रिप्ट लिखते समय उन्हें लगा कि शनाया की स्वाभाविक प्रतिभा और उसके चेहरे के भाव किरदार की मांगों के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं, जिसके चलते उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के शनाया को चुन लिया।

## शुभमन गिल और गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए कई अहम सवालों के जवाब

नई दिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल और हेड कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड दौरे से पहले प्रेस को संबोधित किया. इन दोनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई अहम सवालों का जवाब दिया. इस दौरान गंभीर ने आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु में हुई भगदड़ में मारे गए लोगों और रोड शो पर नाराजगी जताई है. भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल से जब पूछा गया कि आप पर इंग्लैंड दौरे का कितना दबाव होगा और रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को आप मिस करेंगे. तो उन्होंने कहा, दबाव तो आप पर हर टूर पर होता है. अनुभवी खिलाड़ियों की जगह भरना मुश्किल होता है लेकिन हम दबाव को झेलने के लिए सक्षम होता है. टीम में बैटिंग और बॉलिंग का अच्छा कॉम्बिनेशन है. गिल ने कप्तानी मिलने वाले सवाल पर कहा, जब मुझे पता चला कि मुझे कप्तानी की जिम्मेदारी दी जा रही है. तो मैं काफी भाग्यशाली महसूस कर रहा था. लेकिन मैं जिम्मेदारी के लिए तैयार हूं. हमने अभी बल्लेबाजी क्रम के बारे में तय नहीं किया है. लंदन में 10 दिनों का अभ्यास कैंप लगेगा तब हम अपने बैटिंग ऑर्डर के बारे में तय करेंगे.

# टीम इंडिया को मिला नया कोच, इंग्लैंड दौरे से गौतम गंभीर के साथ मिलकर संभालेंगे जिम्मेदारी



नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम 20 जून से इंग्लैंड का दौरा करने वाली है जहां उसे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है.उससे पहले टीम इंडिया में एक नया कोच शामिल होने वाला है. ये कोच हाल ही में आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के साथ काम करता हुआ दिखा था. अब आईपीएल 2025 की उपविजेता पंजाब का साथ छोड़कर टीम इंडिया का दामन थामने वाले हैं.दरअसल, एड्रियन ले रॉक्स ने घोषणा की है कि वो भारतीय क्रिकेट टीम के साथ अपने नए कार्यकाल को लेकर काफी उत्साहित हैं. रॉक्स ने ऐलान किया कि वह पंजाब किंग्स के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल होंगे.एड्रियन ले रॉक्स जनवरी 2002 से मई 2003 तक भारतीय टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच पहले भी रह चुके हैं. अब टीम इंडिया के साथ ये उनका दूसरा कार्यकाल होगा. इससे पहले सोहम देसाई स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच की भूमिका में नजर आ रहे थे. उनकी जगह पर अब एड्रियन ले रॉक्स शुभमन गिल की कप्तानी और हेड कोच गौतम गंभीर की अगुवाई वाली टीम के साथ जुडने वाले हैं.

उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'पंजाब किंग्स के साथ 6 साल का सफर खत्म हो गया. इस सीजन में फाइनल तक का सफर तय किया. बस थोड़ा पीछे रह गया और हां यह वाकई दुखद था. लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है जिस तरह से हमने तैयारी की जिस तरह से हमने खेला और जिस तरह से हमने अंत तक संघर्ष किया. टीम, मालिकों, प्रबंधन, कोचों, खिलाड़ियों और खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम में मेरे सहयोगियों को बहुत—बहुत धन्यवाद. इंडियन क्रिकेट टीम के साथ एक नई भूमिका में कदम रखते हुए मैं इन यादों को अपने साथ लेकर चलूंगा'.

# पंजाबी सिनेमा की क्वीन बनीं सरगुन मेहता



सरगुन मेहता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वो पंजाबी बॉक्स ऑफिस की क्वीन क्यों कहलाती हैं। उनकी नई फिल्म सौंकन सौंकने 2 ने एमी विर्क और निमरत खैरा के साथ मिलकर 2025 की सबसे बड़ी पंजाबी हिट बनने का तमगा पा लिया है। ये साल की पहली मेजर पंजाबी ब्लॉकबस्टर है और इसमें कोई दो राय नहीं कि सर्गुन की दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस और लगातार हिट देने की आदत ने उन्हें इंडस्ट्री की टॉप फीमेल स्टार बना दिया है।सरगुन मेहता, एमी विर्क और निमरत खैरा स्टारर सौंकन सौंकने 2 ने पहले वीकेंड में कुल 16.71 करोड़ की नेट कमाई कर ली है और बॉक्स ऑफिस पर रुकने का नाम ही नहीं ले रही।2015 में अंग्रेज से डेब्यू करने के बाद, जिसने 30 करोड़ से ज़्यादा की कमाई कर उस दौर की सबसे बड़ी पंजाबी हिट्स में जगह बनाई, सरगुन मेहता ने लगातार हिट फिल्मों की झड़ी लगाई है। लव पंजाब, लाहोरीये, क़िस्मत और काला शाह काला जैसी फिल्मों में उनके काम ने ना सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि उन्हें दो फ़िल्मफ़ेयर अवॉर्ड्स (बेस्ट एक्ट्रेस पंजाबी फिल्म्स) और एक पीटीसी फ़िल्म अवॉर्ड समेत कई सम्मान भी दिलाए हैं।

## हाउसफुल 3 के 9 साल पुरे हुए, टी—सीरीज ने मनाया कॉमेडी क्लासिक का जश्न!

तीन गुना कन्फ्यूज़न, तीन गुना पागलपन और तीन गुना मस्ती—हाउसफुल 3 को रिलीज़ हुए आज पूरे 9 साल हो गए हैं, और फैंस आज भी उसकीदीवानी कॉमेडी को याद करके हँसते—हँसते लोटपोट हो जाते हैं। इस खास मौके पर टी—सीरीज ने सोशल मीडिया पर एक धमाकेदार नॉस्टैल्जिक प्रोमोशेयर किया है, जिसमें 'टांग उठाकेझ् जैसे आइकॉनिक डांस नंबर ने एक बार फिर पुराने दिनों की याद ताज़ा कर दी। 2016 में रिलीज़ हुई हाउसफुल 3 में थे कॉमेडी के तीन बादशाह—अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख। तीनों ऐसे लड़कों का रोलनिभा रहे थे जो अपनी—अपनी गर्लफ्रेंड्स से शादी करना चाहते हैं, लेकिन सामने है एक अजीबोगरीब बाप (बोमन ईरानी) और उसके खुराफाती रूल्स।और जब जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फखरी और लिसा हेडन जैसी ग्लैमरस हीरोइनों की एंट्री होती है, तो फिल्म का टोटल फन क्वोशंट सीधे छत परचला जाता है।

# आईपीएल के एक सीजन में बगैर शून्य पर आउट हुए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज



नई दिल्ली,इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में कई बल्लेबाजों ने रनों का अंबार लगाया है. इस टूर्नामेंट में हर सीजन कोई न कोई बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन करते हुए रनों की झड़ी लगा देता है. इसके साथ ही आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज भी बन जाता है. लेकिन ये बल्लेबाज कभी न कभी फेल भी हो जाते हैं और किसी मैच में शून्य पर भी पवेलियन लौट जाते हैं.तो आज हम आपको उन बल्लेबाजों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्होंने आईपीएल के एक सीजन में बिना शून्य पर आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं. आईपीएल के एक सीजन में बिना शून्य पर आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में क्रिस गेल, माइकल हसी, जोस बटलर, फाफ डु प्लेसिस, विराट कोहली और साई सुदर्शन जैसे बल्लेबाज हैं. जिनको आईपीएल के एक सीजन के किसी भी मैच में कोई भी बल्लेबाज शून्य पर आउट नहीं कर पाया है. वेस्टइंडीज के पूर्व बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने आईपीएल के एक सीजन में बिना शुन्य पर आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने हैं. गेल ने आईपीएल 2012 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से ये कमाल किया था.

## एक नजर

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सेवानिवृत्त वन अधिकारी एवं कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से भृगुखाल रेंज के अंतर्गत ग्राम चोपड़ा में पौध रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

ग्राम बिस्सी के पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह व समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पंत के नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हमें केवल पौधा रोपण ही नहीं बल्कि इसके संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इसलिए हम सभी का उद्देश्य पर्यावरण को बचाने का होना चाहिए। इस मौके पर प्रशांत बडोनी, सरोज भट्ट, अन्नपूर्णा जोशी, राजेश्वरी डोबरियाल आदि मौजूद रहे।

### रहस्यमय स्थिति में लापता हुई महिला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रखंड दुगड्डा के अंतर्गत ग्रामसभा आमसौड़ के झवांणा गांव से एक महिला 30 मई को घर से रहस्यमय स्थिति में लापता हो गई है। स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से महिला की खोजबीन की गई। लेकिन, अभी तक महिला का कुछ पता नहीं चल सका है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुंदन सिंह ने बताया कि ग्राम झवांणा निवासी सुरेशी देवी (55) पत्नी अमर सिंह विगत 30 मई 2025 से घर से लापता हो गई है। स्वजनों ने महिला की लापता होने की जानकारी ग्रामीणों व पुलिस को दी, जिस पर ग्रामीणों ने महिला की तलाश करनी शुरू कर दी। गुरूवार को भी पुलिस ने भी जंगलों में सर्च अभियान चलाया। लेकिन, लापता महिला का कोई पता नहीं चल पाया है।

### ग्रामीणों को दी स्वरोजगार की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रखंड नैनीडांडा में एक दिवसीय ऋण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयं सहायता समूहों को केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बैंक प्रतिनिधियों ने ऋण प्रक्रिया के बारे में बताया। शिविर में पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, समाज कल्याण, कृषि, उद्योग, एनआरएलएम, ग्रामोत्थान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में 16 स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) से संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण कर संबधित बैंक शाखाओं को प्रेषित की गई। एलडीएम प्रताप सिंह राणा ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं एवं स्वरोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये शिविर आयोजित किया गया।

### गुलदार की दहशत में ग्रामीण, पिंजरों की संख्या बढ़ाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग की दमदेंवल रेंज और एकेश्वर ब्लाक के सिरोली-पिपली में गुलदार की दहशत बरकार है। वन विभाग ने गुलदार को कैद करने के लिए तीन पिंजरे लगाने के साथ ही ट्रैपिंग कैमरे भी लगाए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि गुलदार को जल्द ही कैद किया जा सके। वहीं वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गुलदार पर नजर रखने के लिए विभागीय टीम मौके मौजूद है। उन्होंने स्थानीय लोगों से गुलदार को लेकर सतर्कता बरतने की अपील है। बता दें कि गुलदार ने बीती सोमवार की शाम को एक ग्रामीण को बाजार से घर जाते समय मार दिया था। घटना के बाद से आस-पास के गांवों में गुलदार की दहशत बनी हुई है। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में डेरा डाला हुआ है। वहीं स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता कविंद्र ईष्टवाल ने कहा कि अभी तक वन विभाग की ओर से प्रभावित परिवार को मुआवजा नहीं मिल पाया है। कहना था कि ग्रामीणों की मांग है कि गुलदार को नरभक्षी घोषित करते हुए शूटर तैनात किया जाए। गुलदार ने जिस जगह हमला किया उस रास्ते से क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण आवाजाही करते है। ऐसे में उनमें भय बना हुआ है। मांग की है कि प्रभावित परिवार को अंतरिम मुआवजा अविलंब दिया जाए और गुलदार को नरभक्षी घोषित करते हुए क्षेत्र में निगरानी और पिंजरों की संख्या भी बढ़ाई जाए। वहीं डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि मुआवजे को लेकर तहसील स्तर से उत्तरजीवी प्रमाण पत्र मिलने के बाद इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। गुलदार पर नजर रखने के लिए विभागीय टीम मौके पर बनी है। स्थानीय लोगों से गुलदार को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

# खतरे से अंजान पर्यटक, खोह नदी में लगा रहे डुबकी

**● गत वर्ष खोह नदी में नहाते समय पर्यटकों की हुई थी मौत ● पूर्व में हुए हादसों के बाद भी सिस्टम बना है लापरवाह**



कोटद्वार खोह नदी में नहाने के लिए उमड़ी पर्यटकों की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गर्मी के मौसम में कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में घूमने के लिए पहुंचने वाले पर्यटकों को खोह नदी अपनी ओर आकर्षित कर रही है। लेकिन, खोह नदी के खतरों से अंजान डुबकी लगा रहे पर्यटकों की लापरवाही कब उनके जीवन पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। गत वर्ष नदी में डूबने से डेढ़ माह के भीतर चार से अधिक लोगों की मौत भी हो गई थी। पर्यटक व स्थानीय लोगों की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार सिस्टम भी लापरवाह बना हुआ है।

मैदान में भीषण गमी के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक पहाड़ घूमने के लिए पहुंचते हैं। कोटद्वार से दुगड्डा के मध्य सफर के दौरान खोह नदी का ठंड़ा पानी उन्हें अपनी ओर आकर्षित करता है। ऐसे में पर्यटक राष्ट्रीय राजमार्ग पर अपने वाहनों को खड़ा कर कहीं भी नदी में नहाने के लिए उतर जाते हैं। लेकिन, शांत होकर बहने वाली खोह नदी में कई ऐसे स्थान हैं जहां पानी की गहराई का अंदाजा लगाना काफी मुश्किल होता है।

ऐसे में जरा की लापरवाही पर्यटकों के जीवन पर भारी पड़ सकती है। कुछ वर्ष पूर्व ईद पर घूमने पहुंचे उत्तर प्रदेश, जिला बिजनौर, नगीना निवासी चार युवकों की दुगड्डा अमसौड़ के समीप खोह नदी में डूबने से मौत हो गई थी। इन युवकों को भी नदी की गहराई का अंदाजा नहीं था और वह नहाते-नहाते नदी के बीच भंवर में फंस गए थे।

### वर्ष-2024 में हुई मौतें

वर्ष-2024 में गर्मी के दौरान भी खोह नदी में नहाने वालों की भीड़ उमड़ी हुई थी। 31 मार्च को सिद्धबली के समीप खोह नदी में नहाते समय डूबने से मेरठ निवासी एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गए थी। वहीं, 18 अप्रैल को भी नहाते समय बिजनौर निवासी 17 वर्षीय रियाज की भी डूबने से मौत हो गई थी। 19 मई को खोह नदी में डूबने से नजीबाबाद निवासी अफसान की मौत हो गई थी। इसी के कुछ दिन बाद एक और युवक की डूबने से मौत हो गई थी। जबकि, कई लोगों को डूबने से भी बचा लिया गया था।

### चेतावनी बोर्ड तक नहीं

खोह नदी में लगातार पर्यटकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। ऐसे में बाहर से आने वाले पर्यटकों को नदी की गहराई का अंदाजा नहीं रहता। चैंकाने वाली बात तो यह है कि लगातार हो रहे हादसों के बाद भी सरकारी सिस्टम की ओर से उक्त स्थानों पर एक चेतावनी बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। वहीं, लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र से सटे होने के कारण नदी में हाथियों की भी धमक बनी रहती है। गर्मी में हाथी झुंड के साथ पानी पीने नदी में पहुंचता है।

# नगर आयुक्त व श्रम निरीक्षक का स्पष्टीकरण किया तलब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने जिला कार्यालय सभागार पौड़ी में नगर निकाय अफसरों, जनप्रतिनिधियों और सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में नदारद रहने पर कोटद्वार नगर आयुक्त व श्रम निरीक्षक (लेबर इंस्पेक्टर) का स्पष्टीकरण तलब किया गया। कहा कि सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन, उत्तम गुणवत्ता की वर्दी, उपकरण व नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सीवर लाइनों में कार्यरत कर्मियों को सेफ्टी किट प्रदान करने और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिए जाने पर भी जोर दिया।

जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई और कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया। बैठक में पर्यावरण मित्रों ने उन्हें श्रम मानकों के अनुरूप साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने, कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) का लाभ देने की मांग की। भगवत प्रसाद मकवाना ने सफाई कर्मचारियों को मिलने वाली बीमा योजनाओं, शैक्षिक ऋण व स्वरोजगार ऋण के विषय में विस्तार से जानकारी ली। कहा कि सभी अफसर अपने स्तर से राज्य व केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छकारों से संबंधित योजनाओं को स्वच्छकार समुदाय तक पहुंचाएं। राज्य मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक में 859 पर्यावरण मित्रों को मृतक आश्रित लाभ देने वाली वन टाइम सेटलमेंट योजना पर मोहर लगाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

# प्रधानाचार्य ने ली पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी





**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विश्व पर्यावरण दिवस पर विकासखंड कल्जीखाल के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज पुरियाडांग में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी एवं समाजिक एवं पर्यावरण संस्था समलौण की ओर से विभिन्न प्रजाति के 25 पौधे रोपे गये। साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए टी गार्ड लगाये गये। पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य मनोज कुमार घुनियाल ने ली। इस अवसर पीएलवी जगमोहन डांगी ने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत निःशुल्क कानूनी जानकारी भी दी। इस मौके पर विद्यालय संरक्षक राजेंद्र प्रसाद नैथानी, पीटीए अध्यक्ष अशोक रावत, एसएमसी अध्यक्ष जसवीर रावत सहित अभिभावक एवं शिक्षक मौजूद रहे।

### मां दीवा की भव्य डोली यात्रा निकाली, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** विकासखण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत आने वाली प्रसिद्ध दीवा मां भव्य डोली यात्रा निकाली गई। डोली यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। दीवा डोली यात्रा का आयोजन इस बार लगातार तीसरे साल किया गया। पोखड़ा ब्लाक के गांव ल्वींठा से शुरू हुई यह यात्रा दीवा मंदिर तक निकाली गई। दो दिवसीय यह यात्रा क्षेत्र के आस-पास के गांव ल्वींठा, श्रीकोट, चरगाड़, चोपड़ा, गवाणी किलवास, किमगड़ी, सलाण, पालीधार आदि गांवों से होते हुए झलपाड़ी पहुंची। इसके बाद पूरी रात भर मां के जयकारे लगाते हुए डोली यात्रा के साथ श्रद्धालु जगह-जगह रुकते हुए दीवा मंदिर के लिए रवाना हुए। मंदिर पहुंचने के बाद यहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मंदिर समिति की देखरेख में विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। मौसम के खराब होने के बाद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गई। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष जगत सिंह रावत, कोषाध्यक्ष रणवीर भंडारी,, पूर्व प्रमुख पोखड़ा सुरेंद्र सिंह रावत, आशोक गोनियाल, जीतेंद्र नेगी, जयप्रकाश नवानी आदि मौजूद रहे।

# आरोपियों को सजा दिलवाने में मदद करने वाले अधिवक्ता हुआ सम्मानित



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं को सम्मानित करते मोर्चा के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में आरोपियों को सजा दिलवाने में मदद करने वाले अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। इस दौरान मुजफ्फरनगर कांड में पीड़ित आंदोलनकारियों व उनके परिवार को न्याय दिलवाने के लिए भी चर्चा की गई। कहा कि चार अगस्त को मामले में पांच केसो पर सुनवाई होगी।

पदमपुर सुखरो स्थित मोर्चा के कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पौड़ी जनपद के यमकेश्वर स्थित वनंतरा रिसार्ट में रिसेप्शनिस्ट का कार्य करने वाली अंकिता भंडारी 18 सितंबर 2022 को लापता हो गई थी। छह दिन बाद 24 सितंबर को घटनास्थल से 13 किमी. दूर चीला नहर बैराज इंटेक में उसका शव मिला था। बताया कि जांच में सामने आया कि रिजार्ट स्वामी पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर व अंकित गुप्ता ने युवती की हत्या कर दी थी। कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका रही। कहा कि अधिवक्ताओं के प्रयासों की बदौलत ही आरोपितों को उम्र कैद की सजा मिल पाई। आरोपितों को उम्र कैद की सजा दिलवाने में अहम भूमिका का निर्वहन करने वाले अधिवक्ता अवनीश नेगी, अमृतांशु बड़थ्वाल, अजय पंत, रमन शाह, सरिता रानी, राजीव गौड़ व आशुतोष नेगी को सम्मानित किया गया। अधिवक्ताओं को अंबेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष विजयपाल सिंह की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मोर्चा के महामंत्री गुलाब सिंह रावत, मनमोहन सिंह नेगी, पितृशरण जोशी, अशोक कंडारी, संजू कश्यप, हरीश बहुखंडी, गुलाब सिंह रावत, सरिता भंडारी, प्रतिभा राणा, रेखा रावत, माया नेगी, पूनम रावत, बबली भंडारी आदि मौजूद रहे।

# प्रतिष्ठानों के बाहर कूड़दान अवश्य रखें व्यापारी



कोटद्वार में व्यापारियों की बैठक लेते नगर आयुक्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम ने व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। कहा कि व्यापारी अपने प्रतिष्ठान के बाहर कूड़ेदान अवश्य रखें। नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही समय-समय पर ग्राहकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करते रहे।

नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने नगर निगम सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। ऐसे में हम सभी को पूरी गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। व्यापारी प्रतिष्ठान से निकलने वाले कूड़े को नगर निगम के कूड़ा वाहन में ही डालें। साथ ही प्रतिष्ठान में आने वाले ग्राहकों को भी स्वच्छता का संदेश दें। कहा कि नगर निगम प्रतिष्ठानों में पहुंचकर कूड़े की रसीद की भी जांच करेगा। यदि किसी के भी पास कूड़े की रसीद नहीं मिलती तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीन भाटिया, महासचिव नवीन गोयल, मनोज गडकरी आदि मौजूद रहे।

### बैठक में पार्टी की मजबूती पर दिया बल

नई टिहरी : जौनपुर मुख्यालय थत्यूड़ बाजार में भाजपा जौनपुर मंडल की नवीन कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पार्टी की मजबूती पर बल दिया गया। आगामी पंचायत चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को पूर्ण तैयारी के साथ जुट जाने का आह्वान किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल ने कहा कि आगामी 8 से 17 जून तक प्रदेश में विकसित भारत का अमृत काल थीम पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की 11 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता वरिष्ठ जनों के साथ मिलकर जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियां व योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही आगामी 5 जून से 15 अगस्त तक कहीं महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा की जायेगी। जिसमें 5 जून पर्यावरण दिवस व 21 जून योग दिवस के महत्व व 23 जून डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान दिवस के साथ ही 25 जून को आपातकाल के दौरान के अनुभव पर चर्चा की जायेगी।

### सात दिन बाद भी नहीं पकड़ा गया गुलदार

रुद्रप्रयाग : जखोली ब्लॉक के कांडा गांव में गुलदार द्वारा महिला को निवाला बनाने के सात दिन बाद भी वन विभाग गुलदार को नहीं पकड़ सका है। गुलदार का अभी तक कोई पता नहीं लगने की वजह से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। चौंदी गांव में गुलदार के गुर्राने की आवाजें सुनाई देने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। वन विभाग की टीम चौंदी पहुंची, लेकिन अभी तक गुलदार पकड़ से बाहर है। वहीं, पशुपालन विभाग के सहयोग से वन विभाग गुलदार दिखते ही ट्रेंकुलाइजर करने के प्रयास में जुटी हुई है।

# भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रहे महिला से संबंधित अपराधः कांग्रेस





कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करती रंजना रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कांग्रेस नेत्री रंजना रावत ने कहा कि प्रदेश में लगातार महिलाओं से संबंधित अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। कहा कि देवभूमि में महिलाओं पर किसी भी तरह का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस जल्द ही प्रदेशव्यापी आंदोलन चलाएगी।

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेत्री रंजना रावत ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पूर्व महिलाओं के हितों की बात कही थी। लेकिन, जब से प्रदेश की सत्ता में भाजपा आई है, देवभूमि में महिलाओं से संबंधित अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। देवभूमि में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं व सत्तासीन भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी महिला अपराधों में संलिप्त है। कहा कि हरिद्वार में भाजपा नेत्री ने अपनी 13 वर्षीय बेटी का सामूहिक दुष्कर्म करवाया। अंकिता भंडारी हत्याकांड में भी भाजपा नेता का बेटा शामिल है। द्वाराहाट में भाजपा नेता ने दलित नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म किया। रुद्रपुर, बहादराबाद, लालकुंआ, अल्मोड़ा सहित कई अन्य शहरों में इस तरह की घटनाएं सामने आई। कहा कि जब सत्ता में बैठी पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी ही इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं तो कैसे अपराध पर अंकुश लगेगा यह बड़ा सवाल है। रंजना रावत ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के लिए कांग्रेस आवाज बुलंद करेगी। इस मौके पर बलवीर सिंह रावत, नीसम अहमद, गोपाल गुसाईं, लक्ष्मी चौहान, विनोद रावत, प्रेम सिंह पयाल, देवेंद्र सिंह नेगी, मनोज नेगी आदि मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उ0 रे0, मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम एवं लोकेशन :** 13/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025, मुरादाबाद मंडल पर वाशिंग लाइनों की रोशनी और सुरक्षा में सुधार तथा संबद्ध कार्य। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत (रू0) :** 1,39,89,795.72 (जीएसटी सहित) | |
| **कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है :** विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | |
| **बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) :** 2,20,000.00 | |
| **कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि :** 12 (बारह) माह | |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय :** निविदायें दिनांक 30.06.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी | |
| **वेबसाइट एवम कार्यालय का पता :** वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/ उत्तर रेलवे मुरादाबाद। | |

निविदा सूचना सं0 10/2025 दिनांक: 06.06.2025 1686/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 51-DRM-MB-25-26 dt. 06.06.2025 |
|---|---|
| Name of work | Provision of electronic type track based rail gauge face lubricator-10 nos under Sr. DEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date / Time | 04.07.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 1,60,80,174 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 2,30,400.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 |
| Bidding Start Date | 20.06.2025 |
| Period of Completion | 06 Month |

सं.: No.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 06.06.2025 1687/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर **मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद** द्वारा **ई–टेन्डर** निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल **IREPS** पार्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 52-DRM-MB-25-26 DATE 05.06.2025 | | | | |
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractors own track based rail Guage Face Lubricator (Electronic Type) - 9 Nos. in the jurdiction of ADEN/BE under Sr.DEN-III/MB | | | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 30.06.2025 16:00 | अनुमानित लागत | ₹ 1,44,72,156.60 | | |
| धरोहर राशि | ₹ 2,22,400.00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि | 16.06.2025 | टेन्डर की लागत | ₹ 5000.00 |
| आफर की वैधता | 90 Days | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 Months | | |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 05.06.2025 1675/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार**

पत्रांक 750/ निविदा / 2025-2026 दिनांक 04/06/2025

**निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 17.06.2025 की अपरान्ह 3.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह निविदा दिनांक 18.06.2025 के अपरान्ह 3.00 बजे तक शाखा कार्यालय में जमा करायी जा सकेगी। जो कि उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के हल्दूखाता जोन के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जीर्ण-क्षीर्ण पाईप लाईन सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 42000.00 | रू0 2000.00 +GST |
| 2 | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के सिगड्डी जोन के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जीर्ण-क्षीर्ण पाईप लाईन सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 42000.00 | रू0 2000.00 +GST |
| 3 | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के सनेह जोन (भाग-3) के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जीर्ण-क्षीर्ण पाईप लाईन सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 11000.00 | रू0 1000.00 +GST |

शर्तेः- नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में देखी जा सकती है।

1- कार्य उत्तराखण्ड जल संस्थान के सहायक अभियन्ता/ अपर सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार करना होगा।
2- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- कार्य पूर्ण होने के 06 माह पश्चात ही धरोहर राशि वापस की जायेगी।
4- ठेकेदार द्वारा लिफाफे पर योजना का नाम एवं ठेकेदार का पता अंकित होना अनिवार्य है।
5- निविदा क्रय करते समय विभागीय पंजीकरण की मूलप्रति प्रस्तुत करनी अनिवार्य है, जिसके अभाव में निविदा निर्गत नहीं की जायेगी।
6- निविदा प्रपत्र पर आयकर विभाग द्वारा जारी जी0एस0टी0 नं0 अंकित करना अनिवार्य होगा।
7- अधोहस्ताक्षरी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
8- धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा निरस्त मानी जायेगी।
9- सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
10- कार्यस्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त ही निविदा क्रय करें।
11- कार्य हेतु शेष शर्ते निविदा प्रपत्र पर दी गई शर्तों के अनुसार होगी।

अधिशासी अभियन्ता

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने आशाओं के साथ चौथी बार संवाद किया। उन्होंने फील्ड में काम कर रहे फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का सम्मानित भी किया। जिलाधिकारी ने जिले में पहली बार आशाओं को ईसेंटिव देने और अच्छा काम करने वाली आशाओं और आशा फेसिलेटर को 1555 रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत करने की योजना की जानकारी भी दी। संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने आशाओं को उनके अधिकार और जिम्मेदारी की जानकारी दी। कहा कि आशाओं के संक्रमित होने पर उनकी प्राथमिकता के साथ इलाज की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होगी। जिलाधिकारी कहा कि आशाएं सिर्फ स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं, बल्कि पूरे हेल्थ सिस्टम की रीढ़ बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पिंक ड्रेस अब मात्र एक यूनिफॉर्म नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य सिस्टम की पहचान बन गई है। उन्होंने डेंगू नियंत्रण में आशाओं की सक्रिय भूमिका को विशेष रूप से सराहा और कहा कि उनके समर्पण के कारण जनपद में इस वर्ष डेंगू के सबसे कम केस आए हैं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज कुमार मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद ढौंडियाल, एसीएमओ डॉ. निधि, सीओ अनुज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग जितेन्द्र कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### अधिशासी अभियंता का स्थानांतरण किया जाए

देहरादून। कुमाऊं पीएमजीएसवाई ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक रमेश चंद्र गहतोड़ी ने सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज से कई सालों से एक ही स्थान पर तैनात अधिशासी अभियंता का तबादला करने की मांग की है। महाराज ने इसका संज्ञान लेते हुए सचिव सिंचाई को परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। गहतोड़ी का आरोप है कि उक्त अभियंता की वर्ष 2016 में उत्तराखंडी पीएमजीएसवाई सिंचाई में सहायक अभियंता के रूप में तैनाती हुई थी। वर्ष 2021 में इसी स्थान पर उन्हें पहले प्रभारी अधिशासी अभियंता और फिर अधिशासी अभियंता की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने कहा कि तबादला एक्ट में स्पष्ट प्रावधान है कि कोई भी अफसर एक स्थान पर तीन साल से अधिक तैनात नहीं होगा। इसके साथ ही गृह जनपद में भी पोस्टिंग नहीं हो सकती, लेकिन संबंधित अधिशासी अभियंता की तैनाती में नियमों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की है।

### पॉवर इंजीनियर्स की चेतावनी, वरिष्ठता सूची से न हो छेड़छाड़

देहरादून। उत्तरांचल पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने सहायक अभियंता की जारी वरिष्ठता सूची से किसी भी तरह की छेड़छाड़ न किए जाने पर जोर दिया। साफ किया कि इस तरह की किसी भी कोशिश का जोरदार विरोध होगा। मैनेजमेंट जल्द अधिशासी अभियंता के खाली पदों पर प्रमोशन सुनिश्चित करे। एसोसिएशन ने यूपीसीएल मुख्यालय पर गेट मीटिंग कर दबाव भी बनाया। एसोसिएशन अध्यक्ष युद्धवीर सिंह तोमर ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले और शासन स्तरीय गठित समिति की संस्तुति पर ही सहायक अभियंताओं की वरिष्ठता सूची जारी की गई है। इसके बावजूद अन्य संवर्गों की ओर से अनर्गल टिप्पणी की जा रही है। प्रबंधन पर संवैधानिक सीनियरिटी को कैंसिल करने का दबाव बनाया जा रहा है। साफ किया कि वरिष्ठता सूची के साथ अब किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ न की जाए। महासचिव राहुल चानना ने कहा कि वरिष्ठता सूची में मूल निवासियों की अनदेखी वाले बयान देकर माहौल खराब किया जा रहा है। इस तरह की विघटनकारी सोच किसी भी तरह राज्य की एकता के हित में नहीं है।

### स्थापना दिवस पर प्राध्यापकों को सम्मानित किया

विकासनगर। सरदार महिपाल राजेंद्र जनजाति पीजी कॉलेज साहिया का आठवां स्थापना दिवस शुक्रवार को कॉलेज के सभागार में मनाया गया। इस दौरान विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए प्राचार्य एवं प्राध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भरत चौहान ने कहा कि साल 1987 में साहिया में सरकारी महाविद्यालय खोलने के लिए बड़ा आंदोलन हुआ था, लेकिन उस दौर में महाविद्यालय नहीं खुल पाया। इसके बाद 2017 में साहिया में निजी महाविद्यालय की स्थापना सरदार राजेंद्र महिपाल के नाम से हुई, जिससे जौनसार बावर में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए द्वार खुले हैं।

# केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने किए बदरी-केदार के दर्शन



रुद्रप्रयाग : केंद्रीय लघु मध्यम उद्योग एवं उद्यमिता विकास मंत्री जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने परिवार जनों के साथ केदारनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक पूजा की। बदरीनाथ धाम पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री का बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति, चमोली जिला प्रशासन और तीर्थ पुरोहित समाज ने स्वागत किया। शुक्रवार सुबह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी केदारनाथ पहुंचे। जहां बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति एवं केदारसभा ने हेलीपैड पर मंत्री का स्वागत किया। दर्शन पूजा के बाद बीकेटीसी मुख्य प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत कर भगवान केदारनाथ का प्रसाद, अंगवस्त्र भेंट किया। केंद्रीय मंत्री ने केदारनाथ धाम के दर्शन कर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे बेहद सुखद क्षण बताया। उन्होंने केदारनाथ धाम में केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यों की भी प्रशंसा की। इस मौके पर मुख्य पुजारी बागेश लिंग, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, उमेश पोस्ती, धर्माधिकारी औंकार शुक्ला, वेदपाठी यशोधर मैठाणी, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, सहायक लेखाकार प्रमोद बगवाड़ी, लोकेंद्र रिवाड़ी, प्रबंधक प्रदीप सेमवाल, अरविंद शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला, पारेश्वर त्रिवेदी, पुष्कर रावत कुलदीप धर्म्वाण, विक्रम रावत, ललित त्रिवेदी सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। उधर, बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने उत्तराखंड सरकार एवं मंदिर समिति द्वारा की गई यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना की। बदरीनाथ में इस मौके पर मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, डिमरी पंचायत उपाध्यक्ष भास्कर डिमरी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित, थानाअध्यक्ष नवनीत भंडारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## जीआईसी गंगाऊं में चल रहा समर कैंप संपन्न




**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** राजकीय इंटर कॉलेज गंगाऊं में चल रहा समर कैंप सम्पन्न हो गया है। विद्यालय में 25 मई से 5 जून 2025 तक सम्पन्न कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने कौशल विकास के साथ योग के गुर सीखें। समापन पर प्रधानाचार्य ने बताया कि समर कैंप में कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान बच्चों ने योगाभ्यास, सूर्य नमस्कार, जुंबा नृत्य व विडियो के माध्यम से कार्टून बनाना सीखा। ये सभी गतिविधियां न केवल उनकी प्रतिभा को निखारेगी, बल्कि उनमें आत्मविश्वास को भी विकसित करेगी। विश्व पर्यावरण दिवस मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत बच्चों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे। साथ ही पर्यावरण को बचाने की शपथ ली। इस अवसर पर दिवाकर पोखरियाल, देवेन्द्र रावत, बलवीर सिंह, भगतराम धस्माना आदि मौजूद थे।

## पैठाणी राहू मंदिर के साथ ही गढ़वाल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध : बलूनी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान को राहु मंदिर और उसके आस-पास के क्षेत्र को विकसित करने के लिए रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डीएम को इस बाबत कंसल्टेंट हायर करने को कहा है। सांसद ने कहा कि मंदिर के साथ ही गढ़वाल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। बलूनी ने कहा कि पर्यटन, तीर्थाटन की अपार संभावनाओं वाले इस रमणीक क्षेत्र को विश्व पटल पर लाया जाएगा। पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए भी नए अवसरों के दरवाजे खुलेंगे। सांसद ने पौड़ी में प्रस्तावित तारामंडल को लेकर कहा कि 70 करोड़ की लागत से बन रहा यह प्रोजेक्ट देश के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। शुक्रवार को सांसद अनिल बलूनी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पैठाणी राहु मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। सांसद बलूनी ने नवीं सदी के इस प्राचीन और देश के एकमात्र राहु मंदिर के विकास व सौन्दर्यीकरण को लेकर डीएम को रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह ने कहा कि राहु मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए मुख्यमंत्री ने भी प्रतिबद्धता जाहिर की है। बताया कि पौड़ी के आधा दर्जन से अधिक पौराणिक मंदिरों को आपस में जोड़कर एक सर्किट तैयार किया जाएगा। पैठाणी को नगर पंचायत बनाने के लिए सभी स्टेक होल्डर्स की सहमति की आवश्यकता है, ताकि पैठाणी क्षेत्र का समुचित विकास हो सके।

## मसूरी माल रोड बैरियर खुले होने से जाम के झाम से बेहाल

देहरादून। मसूरी माल रोड पर दो दिन वाहनों का रेला चल रहा है। इससे हर तरफ जाम की स्थिति बनी हुई है। माल रोड बैरियर पर पालिका कर्मचारियों और अधिवक्ता के बीच विवाद से यह स्थिति पैदा हुई है।

यहां पालिका कर्मचारियों ने बैरियर पूरी तरह खोल दिए हैं। दो दिन पहले माल रोड पर वाहन प्रवेश करवाने को लेकर अधिवक्ता का पालिका कर्मचारियों से विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद कर्मचारियों ने दोनों बैरियर पूरी तरह से यातायात के खिलाफ दिए। इस वजह से अब माल रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो गई है। यहां पर्यटक वाहनों के साथ ही टैक्स वाहन बिना शुल्क माल रोड पर प्रवेश कर रहे हैं। कई स्थानों पर नो–पार्किंग तक में वाहन खड़े रह जा रहे हैं। ऐसे में हर वक्त जाम की स्थिति रह रही है।

## भगवान श्रीकृष्ण बाल लीला कथा सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम सुराल गांव में शहीद मनीष पटवाल शौर्य चक्र विजेता की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत पुराण यज्ञ कथा के पांचवे दिन कथा वाचक आचार्य मनोज थपलियाल ने भगवान कृष्ण लीला की बाल लीलाओं वर्णन किया है। उन्होंने कलिया नाग को नथना आदि विषयों पर कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति के सागर में मंत्रमुग्ध दिखे।



कथा वाचक आचार्य मनोज थपलियाल ने कथा श्रवण करने आए सभी विशेष अतिथियों को पटका पहनाकर कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार धार्मिक आयोजनों में जनप्रतिनिधि का आगमन पर क्षेत्र में अवरुद्ध विकास कार्यों को गति मिलती हैं। इस मौके पर पलायन आयोग सदस्य दिनेश सिंह रावत ने कहा कि प्रवासियों को साल में दो बार जरूर गांव आना चाहिए। देवी-देवताओं और शादी-विवाह अन्य धार्मिक एवं संस्कारिक आयोजनों के कारण ही सही इन दिनों जिस प्रकार गांव के गांव प्रवासियों के कारण कुछ दिन गांव आबाद हो रखे हैं। इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी सदस्य राजपाल बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल मिंटू, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नीलम डबराल, योगंबर सिंह नेगी, व्यापार संघ अध्यक्ष सतपुली जयदीप नेगी, धर्मेंद्र सिंह नेगी, विनोद रावत, जगदीश भट्ट, युवा संगठन समिति घंडियाल अध्यक्ष अजय मोहन नेगी, विकास कुमार, गौरव चौहान, जगमोहन डांगी सहित पंडित महेश जुयाल, दीपक जोशी, अनूप जुगराण, लखीराम डबराल, अनूप थपलियाल, आशुतोष रावत, श्रीमती शान्ति देवी, जगमोहन पटवाल, लक्ष्मी नारायण पटवाल, उत्तम पटवाल, ममता नयाल, अशोक नयाल आदि मौजूद थे।

## पौध रोपण के बाद संरक्षण करना भी जरूरी




**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत थलीसैंण द्वारा एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाजार समिति के अध्यक्ष विजय सिंह बिष्ट सहित राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण के अध्यापक, अध्यापिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे। साथ ही वृक्षारोपण के प्रति एवं नगर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त करने की शपथ ली। इस दौरान नगर निकाय के पर्यावरण मित्रों द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

इस दौरान पर वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पौधों का योगदान मानव जीवन से जुड़ा है। जब हम पर्यावरण संरक्षण करेंगे, तभी हमारी भी सुरक्षा होगी। कहा कि पर्यावरण व मानव जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व समाज के प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों की ओर से लगाये गये पौधों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण का संरक्षण व पौध रोपण करना हम सबकी जिम्मेदारी हैं। इस मौके पर राजस्व उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बस्तीवासियों को नोटिस जारी करने के खिलाफ किया प्रदर्शन

देहरादून। बस्ती बचाओ आंदोलन से जुड़े लोगों ने शुक्रवार को नगर निगम में प्रदर्शन किया। इस दौरान बस्तियों में कार्रवाई का विरोध किया गया। नगर आयुक्त नमामी बंसल को ज्ञापन सौंपा गया। संयोजक अनन्त आकाश ने कहा कि नगर निगम की ओर से बस्तीवासियों को जारी नोटिस निरस्त होने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुआवजे और पुनर्वास को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही। सीटू के जिला महामंत्री लेखराज ने कहा कि रिस्पना और बिंदाल नदी के किनारे अवैध निर्माण करने वाले कब्जाधारियों और सरकारी कब्जों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। नगर आयुक्त के समक्ष प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने, बस्तियों के लोगों को मालिकाना हक नहीं मिलने समेत अन्य मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाया गया। इस दौरान जनवादी महिला संगठन की जिलाध्यक्ष नुरैशा अंसारी, समाजसेवी मौहम्मद अल्ताफ, राम सिंह भंडारी, विप्लव अनन्त, अदनान आदि शामिल रहे।

## पर्यावरण को हरा भरा बनाने का लिया संकल्प



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत समाज को प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया एवं पौधा रोपण कर पर्यावरण को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के समीप जल स्रोत के आस-पास फैले कूड़े-करकट एवं पॉलिथीन को एकत्रित कर उसका निस्तारण किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह के निर्देशन में छायादार पेड़ जैसे बांज, देवदार आदि के पौधों को जल स्रोत के आस-पास रोपित किया गया। इस अवसर पर नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक रावत, डॉ. सुनील दत्त पंत, डॉ. छाया सिंह, डॉ. नीरज असवाल, पीआरडी गिरीश चन्द्र रतूड़ी, शिक्षणेत्तर कर्मचारी अनिल पोखरियाल, बलबीर सिंह, आनन्दमणि पोखरियाल आदि उपस्थित रहे।

## राज्य आंदोलनकारी के इलाज में लगातार मदद करेगी सरकार:बड़थ्वाल

देहरादून। राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद के उपाध्यक्ष सुभाष बड़थ्वाल ने घायल वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी अमित ओबराय के परिजनों को आश्वस्त किया कि उनके उपचार के लिए सरकार लगातार मदद करती रहेगी। बड़थ्वाल शुक्रवार को ओबराय के घर पहुंचे और कुशल क्षेम और उनका हाल–चाल जाना। ओबराय राज्य आंदोलन के दौरान 30 साल पहले गंभीर रूप से घायल हो गए थे, तब से वे बिस्तर पर ही हैं। बड़थ्वाल ने उनके निरंतर चल रहे चिकित्सकीय उपचार के बारे में भी जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि सरकार उनके उपचार में लगातार मदद करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन में पूर्णतया घायल होकर अक्षमता झेल रहे ओबराय और रुड़की के वरिष्ठ आंदोलनकारी कांति प्रसाद के बाबत मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को भी अवगत कराया और दोनों की मदद बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सभी राज्य आंदोलनकारियों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। बड़थ्वाल ने कहा कि सभी राज्य आंदोलनकारी 50 की उम्र को पार कर चुके हैं और उनके समक्ष चिकित्सा ही या सहायता की समस्या हर समय खड़ी रहती है। ऐसे में फ्री इलाज मिलने से उन्हें काफी राहत मिलेगी। इस दौरान वरिष्ठ आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती, रामलाल खंडूड़ी, शांति कोठारी, संजय चिनालिया आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने कला प्रदर्शनी में दिखाया कमाल

देहरादून। रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के डॉ. मुक्ति भटनागर सुभारती स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिज़ाइन में शुक्रवार को संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर के परिनिर्वाण दिवस की पूर्व संध्या पर वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन, रजिस्ट्रार खालिद हसन, निदेशक डॉ. जीवन आशा, ललित कला विभागाध्यक्ष संतोष कुमार, डॉ. देश दीपक, डॉ. रूपा हंसपाल और डॉ. लोकेश त्यागी ने फीता काटकर किया। इस दौरान डा. हिमांशु एरन ने कहा कि डा. मुक्ति एक दूरदर्शी एवं कुशल नेत्री थी। जिनका जीवन कला, संस्कृति और शिक्षा के पोषण के लिए समर्पित था।

## जागर सम्राट भरतवाण के गीतों पर झूमे लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जय कंडोलिया पौड़ी महोत्सव की छठवीं सांस्कृतिक संध्या में प्रीतम भरतवाण के गढ़वाली जागर और गीतों पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हुआ। संध्या जाग जागर रूमा झुमा से संध्या का शुभारंभ हुआ। इसके बाद राम गंगा न्योला देवताओं शिव गंगा, शिवजी कैलाश रैदन, ऑपरेशन सिंदूर पर हम कुशल छौ मां दगड़ियों दगड़ी, गढ़वाली गीत ध्यानी बल बिलैती कैमरा, राज राजेश्वरी जोग माया वार्ता सांस्कृतिक संध्या का उदघाटन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने किया। कहा कि पौड़ी सांस्कृतिक गति विधियों के लिए जानी जाती है और शहर के सांस्कृतिक विरासत के इस आयोजन के लिए उन्होंने पालिका अध्यक्ष की



सराहना की। उन्होंने जिला चिकित्सालय पौड़ी के व्यवस्थित प्रबंधन के लिए दो करोड़ की धनराशि देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी ने कहा कि पौड़ी के विकास के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। जारी हैं और जल्द ही विकास कार्य धरातल पर दिखने शुरू हो जाएंगे। इस मौके पर स्तुति, अंजली खरे और प्रीतम भरतवाण के युगल गीत सुना समदानी और बांद अमरावती, गढ़ समयाल, सरली मेरु जिया लगेगी गाकर दर्शकों की खूब ताली बटोरी। अंजली खरे ने मेरी देवी ज्वाल्पा सौंजसौ देई मिलाई गाकर युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। संध्या में चक्रव्यूह जरासंध वध का मंचन बड़ा भावपूर्ण रहा। गोरिल कंडोलिया जागर से उन्होंने अपनी सांस्कृतिक संध्या का समापन किया। संगीत पक्ष में तबला सुभाष पांडे, ऑक्टोपैड रवि थापा, ढोलक सुमित गुसाईं,की बोर्ड ज्योति पंत और बांसुरी पर महेश, हड़का विजेंद्र ने संगत की। विधायक राजकुमार पोरी, पालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी, सांस्कृतिक संयोजक मनोज रावत अंजुल, वीरेंद्र खंकरियाल, व्यापार सभा के अध्यक्ष विनय शर्मा, आह्वाहन संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल, सतेंद्र रावत, सभासद रेखा, संगीता रावत, बृजमोहन, प्रदीप असवाल, युद्धवीर सिंह, सूरज बिष्ट आदि शामिल थे।

## यूपीसीएल मैनेजमेंट की कोटा की नियमावली पर भड़के जूनियर इंजीनियर

देहरादून। यूपीसीएल मैनेजमेंट की ओर से जारी की गई सहायक अभियंता वरिष्ठता सूची को लेकर बवाल दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। पॉवर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन ने नियुक्ति में आने से पहले ही सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं को वरिष्ठता का लाभ देने पर सवाल उठाया। दिन भर ईडी एचआर के ऑफिस का घेराव करके रखा। एसोसिएशन अध्यक्ष रविंद्र सैनी ने कहा कि रोटा कोटा के नियम की गलत व्याख्या कर चयन वर्ष 2008–09 की ज्येष्ठता सूची में वर्ष 2010 के सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं को नियम विरुद्ध शामिल किया गया है।जबकि हाईकोर्ट सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं की नियुक्ति के दिन से रोटा कोटा लागू करते हुए ज्येष्ठता सूची जारी किए जाने के निर्देश दे चुका है। इसके विपरीत जाकर सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं को नियुक्ति से पूर्व विज्ञापन जारी किए जाने से रोटा कोटा लागू करते हुए, उन्हें नियुक्ति से एक वर्ष पूर्व की ज्येष्ठता दी गई है। इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। महासचिव नितिन तिवारी ने कहा कि यूपीसीएल मैनेजमेंट अपनी गलती को छुपाने को गलत तथ्य प्रचारित करवा रहा है। यूपीसीएल की ओर से कहा जा रहा है कि शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट पर ही ज्येष्ठता सूची जारी की गई है। जबकि कमेटी को नियम उपलब्ध करने की जिम्मेदारी निगम प्रबंधन की थी। निगम प्रबंधन ने कमेटी के समक्ष अभियंता सेवा नियमावली के संशोधन प्रस्तुत नहीं किए। यूपी पावर कार्पोरेशन के वर्ष 2012 में जारी जिस आदेश को इस ज्येष्ठता सूची का आधार बताया जा रहा है, उस आदेश का यूपीसीएल से कोई सम्बन्ध नहीं है। हाईकोर्ट में भी सीधी भर्ती के सहायक अभियंताओं ने गलत तथ्य को प्रस्तुत किया था।

एसोसिएशन ने तय किया कि वरिष्ठता सूची निरस्त न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। विरोध जताने वालों में राजीव खर्कवाल,मनोज कंडवाल, शीतल सैनी, प्रीति, आलोक चौहान,मनोज रावत, शशिकांत सिंह,राममनोहर, भूपेन्द्र तोपवाल, विकास कुमार, रामकुमार, राजपाल,सुनील उनियाल, अजय कुमार आदि।

## युवाओं के लिए निशुल्क डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स शुरू

विकासनगर। नगर पंचायत सेलाकुई के सैम कंप्यूटर्स इंस्टीट्यूट में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के 60 युवाओं के लिए दो महीने का निशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स शुरू किया गया है। सेलाकुई नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित चौधरी के कोर्स का उद्घाटन किया।

इस दौरान अध्यक्ष सुमित चौधरी ने कहा कि सरकार की ओर से इस प्रकार के निशुल्क प्रशिक्षण शिविर युवाओं के लिए लगने चाहिए। आज का युग कंप्यूटर का होने के कारण इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर लगने से युवा अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी विकासखंड सहसपुर मोहम्मद इमरान, इंफो इंटरनेशनल संस्था के मैनेजर सुरेन्द्र सिंह, प्रशिक्षण केंद्र सैम कंप्यूटर्स के संस्थापक एवं प्रशिक्षक शहंशाह अहमद, असिस्टेंट प्रशिक्षक करुणा, प्रिया चौहान, राज व सहसपुर ब्लॉक से देव सिंह पंवार एवं प्रशिक्षु राहुल, संदीप, आकांक्षा, नेहा, निकिता आदि मौजूद रहे।

## निर्जला एकादशी पर लगाई मीठे पानी की छबील

देहरादून। निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर शहर में अनेक जगह मीठे पानी की छबील लगाई गई। विभिन्न संगठनों की ओर से राहगीरों को प्रेमपूर्वक सेवा भाव से पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा था। छबील का आयोजन पूरा दिन जारी रहा। नेशविला रोड व्यापार मंडल की ओर से मोहन मंदिर में राहगीरों को मीठे पानी की छबील बांटी गई। शरबत वितरण के लिए अनेकों लोग सेवा भाव से अपना योगदान देने के लिए जुटे रहे। इस अवसर पर समाजसेवी लालचंद शर्मा ने कहा कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि सभी एकादशियों में सर्वश्रेष्ठ है। इस एकादशी को निर्जला और भीमसेनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व होता है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा–आराधना के लिए समर्पित होता है। एकादशी पर पूरे दिन व्रत रखते हुए भगवान विष्णु का नाम और उनके मंत्रों का जाप करने का विशेष महत्व है। इस अवसर पर पंडित दीपक प्रसाद, सुनील आहूजा, अनूप खरबंदा, निशांत, संतराम मोरिया, दौलत रावत आदि मौजूद रहे। निर्जला एकादशी पर सुभाषनगर स्थित श्री शक्तिश्वर पंचायती मंदिर समिति की ओर से शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहां से गुजरने वाले सभी राहगीरों को शरबत, पीने का पानी दिया जा रहा था। पटेलनगर में लगाई छबीलः श्री श्याम सुन्दर मन्दिर पटेलनगर में निर्जला एकादशी पर शुक्रवार सुबह ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार कर नए वस्त्र धारण किए गए ' श्री रामायण पाठ, कमल नेत्र पाठ, भजन कीर्तन कर आरती की गई ' बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर में पूजा पाठ कर दान किया ।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com